हरियाणा विधान सभा

सोमवार, 7 मार्च, 2022 को 11.00 बजे प्रातः विधान भवन, चण्डीगढ़ में हरियाणा विधान सभा के हाल में होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक की कार्यसूची।

I. प्रश्न

पृथक सूची में दर्ज प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उत्तर दिए जाएंगे।

II. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर सामान्य चर्चा का पुनरारम्भण तथा धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान।

3 मार्च, 2022 को श्री महिपाल ढांडा, एम.एल.ए. द्वारा प्रस्तुत किए गए निम्नलिखित प्रस्ताव पर सामान्य चर्चा का **पुनरारम्भण**, अर्थात्:–

"कि राज्यपाल महोदय को एक समावेदन निम्नलिखित शब्दों में पेश किया जाए:–

'कि इस सत्र में इकट्ठे हुए हरियाणा विधान सभा के सदस्य उस अभिभाषण के लिए राज्यपाल महोदय के अत्यन्त कृतज्ञ हैं जो उन्होंने 2 मार्च, 2022 को 2.00 बजे मध्याह्न–पश्चात् सदन में देने की कृपा की है।'।"

III. ध्यानाकर्षण सूचना

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–7 **श्री बलराज कुंडू, एम.एल.ए.** द्वारा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद हजारों बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला न मिलने से संबंधित सूचना।

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 27 (श्री वरूण चौधरी, एम.एल.ए., श्री जगबीर सिंह, एम.एल.ए. तथा श्री शीशपाल सिंह, एम.एल.ए.), 55 (श्री चिरंजीव राव, एम.एल.ए), 62 (श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.), 77 (श्रीमती किरण चौधरी, एम.एल.ए.) द्वारा समान विषय पर दी गई सूचना को ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 7 के साथ क्लबड कर दी है। माननीय सदस्यगण भी ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 7 पर चर्चा के समय अनुपूरक उठा सकते हैं।

चण्डीगढ़
4 मार्च, 2022.

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव।